1-Indian economy is all set for a strong rebound in the current fiscal posting a growth rate of 9-10 per cent, says a CEOs poll conducted among the members of the CII National Council.

सीआईआई की राष्ट्रीय परिषद में शामिल सीईओ के बीच कराये गये सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में **9-10** प्रतिशत की मजबूती से बढ़ सकती है।

2-The Ghatiya Azam Khan Road in Agra has been renamed as 'Shri Ashok Singhal Marg', after late Vishva Hindu Parishad leader Ashok Singhal, who played a key role in the Ram Janmabhoomi movement.

राम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विश्व हिंदू परिषद के दिवंगत नेता अशोक सिंघल के नाम पर आगरा में घटिया आजम खान रोड का नाम बदलकर 'श्री अशोक सिंघल मार्ग' कर दिया गया है।

3-Prime Minister Narendra Modi attended the function marking the Goa Liberation Day celebrations in Goa. The Prime Minister felicitated the freedom fighters and veterans of 'Operation Vijay' at the function.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा में आयोजित गोवा मुक्ति दिवस समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों और 'ऑपरेशन विजय' से जुड़े सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को सम्मानित किया।

4-Prime Minister Narendra Modi inaugurated and laid the foundation stone of several development projects worth over 650 crore rupees in Goa.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा में **650** करोड रूपये लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास भी किया।

5-Union Minister of Home Affairs and Cooperation Amit Shah announced that a National level co-operative university will soon be established in the country to further expand the co-operative sector.

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र के विस्तार के लिए देश में जल्दी ही राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है।

6-The Union Home and Cooperation Minister, Amit Shah inaugurated the Camp Complex of the 5th Battalion of the NDRF in Pune, inspected the new campus of the CFSL and inaugurated its new building.

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पुणे में एनडीआरएफ की पांचवी बटालियन के कैंप परिसर का औपचारिक उद्घाटन कर नए परिसर का निरीक्षण किया और सीएफ़एसएल परिसर में नए भवन का लोकार्पण किया।

7-Union Minister of Commerce & Industry, Consumer Affairs, Food & Public Distribution and Textiles, Piyush Goyal inaugurated the Packaged Drinking Water Test Facility at National Test House (NTH), Ghaziabad.

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री, पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय परीक्षण शाला (एनटीएच), गाजियाबाद में बोतलबंद पेयजल परीक्षण सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया।

8-Mormugao, Indian Navy's second indigenous stealth destroyer of the P15B class, planned to be commissioned in mid 2022, proceeded on her maiden sea sortie.

भारतीय नौसेना का पी15बी श्रेणी का दूसरा स्वदेशी स्टील्थ विध्वंसक पोत मोरमुगांव, जिसे 2022 के मध्य में अधिकृत रूप से कार्यान्वित करने की योजना है, वह आज अपनी पहली समुद्री परीक्षण यात्रा पर रवाना हुआ।

9-Khadi and Village Industries Commission (KVIC) Rolls Out self-employment schemes to Empower Rural Artisans in UP's Bundelkhand Region.

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार योजनाएं शुरू की।

10-In Badminton, Kidambi Srikanth bagged a historic silver medal after losing to Loh Kean Yew of Singapore 15-21, 20-22 in the Men's singles final of BWF World Championships at Huelva in Spain. Srikanth is the first Indian to finish runners-up.

बैडमिंटन में, किदांबी श्रीकांत ने स्पेन के ह्यूएलवा में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में सिंगापुर के लोह कीन यू से 15-21, 20-22 से हारने के बाद ऐतिहासिक रजत पदक जीता। श्रीकांत उपविजेता रहने वाले पहले भारतीय हैं।